आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 27.11.25 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है।
- मुख्यमंत्री ने प्राकतिक आपदा से प्रभावित 3 लाख से अधिक किसानों के खाते में 238 करोड से अधिक की राहत राशि की अंतरित ।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जीवन की सुरक्षा में चिकित्सा एवं फार्मेसी अनुसंधान की महत्वपूर्ण भूमिका।
- प्रदेश में एक बार फिर सर्दी ने अपने तेवर दिखाना शुरू किये, पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई जिलों में रात का तापमान तेजी से गिरा ।

<u>प्रधानमंत्री–स्काईरूट कैंपस</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है। श्री मोदी ने स्काईरूट के इन्फिनिटी कैंपस का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार ने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में कई ऐतिहासिक सुधार किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी नवाचार के लिए खोल दिया है और हम न्यूक्लियर सेक्टर को भी खोलने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं

<u>प्रधानमंत्री –कर्नाटक –गोवा दौरा</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल कर्नाटक और गोवा के दौर पर रहेंगे। श्री मोदी कर्नाटक के उडुपी स्थित श्री कृष्ण मठ में दर्शन करेंगे और लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे कृष्ण गर्भगृह के सामने स्थित सुवर्ण तीर्थ मंडप का भी उद्घाटन करेंगे और पवित्र कनकना किंदी के लिए कनक कवच समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री का सार्ध पंचाष्टमोत्सव के अवसर पर गोवा में श्री संस्थान गोकर्ण परतगली जीवोत्तम मठ के 550वें वर्ष समारोह में शामिल होने का भी कार्यक्रम है। श्री मोदी मठ में कांसे से बनी भगवान श्रीराम की 77 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण करेंगे और रामायण थीम पार्क गार्डन का उद्घाटन करेंगे।

<u>मुख्यमंत्री–श्योपुर</u>

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज श्योपुर जिले के बडौदा से प्राकतिक आपदा से प्रभावित 6 जिलों के 3 लाख से अधिक किसानों के खाते में 238 करोड से अधिक की राहत राशि का अंतरण किया। श्योपुर, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम, धार और खंडवा जिलों के 2 हजार 148 ग्रामों के किसानों को इस राहत पैकेज का सीधा लाभ मिला है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारी सरकार हर कदम पर किसानों के साथ है। किसान कल्याण के लिए हो कहा है, उसे पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बड़ौदा में बाढ़ समस्या से निपटने के लिए बड़े नाले का निर्माण, पुलिस थाने के पास नई पुलिया का निर्माण और बड़ौदा में गीता भवन का निर्माण की घोषणा की। उन्होंने चंद्रसागर पर्यटन स्थल और शिव मंदिर का जीर्णोद्धार, श्योपुर को पर्यटन का केंद्र बनाने की भी घोषणा की। श्योपुर के बाद मुख्यमंत्री ने मुरैना जिले में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने आज गोवा के पणजी में 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में लिजेंडरी सिनेमैटोग्राफर और फिल्म निर्माता के. वैकुंठ के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। इस मौके पर श्री सावंत ने कहा कि सिनेमा के साथ गोवा के जुड़ने से पहले के. वैकुंठ ने

भारतीय सिनेमा पर अमिट छाप छोड़ी है। गोवा के मुख्यमंत्री ने उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया, जिनके कैमरा ने क्लासिक भारतीय सिनेमा की दृश्य भाषा को आकार दिया।

वहीं गोवा में 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव में ताकाशी मिइके द्वारा निर्देशित जापानी क्राइम थ्रिलर "शाम" का आज के 'अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता' खंड में प्रीमियर हुआ। एक शिक्षक पर एक छात्र को धमकाने का गलत आरोप लगाने की सच्ची कहानी पर आधारित, यह ड्रामा–थ्रिलर पत्रकार मासूमी फुकुदा की 2007 में आई किताब पर आधारित है।

श्रम कानून प्रतिक्रिया

देश मे लंबे समय से प्रतीक्षित श्रम संहिता के तहत केंद्र सरकार ने 4 नए लेबर कोड लागू किए हैं, जिनका समाज के हर वर्ग ने स्वागत किया है। इंदौर के स्थानीय निवासी विनोद वाफना ने श्रम कानूनों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि–

## राज्यपाल सम्मेलन

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जीवन की सुरक्षा में चिकित्सा एवं फार्मेसी अनुसंधान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रौद्योगिकी के समन्वय से चिकित्सा तथा स्वास्थ्य अनुसंधान अधिक प्रभावी, तीव्र और सटीक हुआ है। वे आज इंदौर में आयोजित ,d अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन dks संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने अपने संबोधन में सिकल सेल एनीमिया को करोड़ों लोगों को प्रभावित करने वाली गंभीर आनुवंशिक स्वास्थ्य चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि इस रोग से निपटने की सबसे प्रभावी रणनीति समाज की सहभागिता और व्यापक जन-जागरूकता है।

## निर्वाचन आयोग - एसआईआर

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि दूसरे चरण के विशेष गहन पुनरीक्षण- एसआईआर शुरू होने के बाद से मतदाताओं में पचास करोड 59 लाख से अधिक गणना प्रपत्र बांटे गए हैं। इस चरण में करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल हैं और यह उसका 99 दशमलव दो-पांच प्रतिशत है।

प्रदेश में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। देवास जिले में अबतक 80.32 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। एसआईआर कार्य के लिए जिले में मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किये गये हैं। शहडोल जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक 82 प्रतिशत से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटलाईजेशन पूरा हो चुका है। 75 बीएलओ ने अपना काम शत प्रतिशत पूरा कर चुके हैं। निर्वाचन शाखा के पर्यवेक्षक संजय खरे ने बताया कि–

विदिशा जिले में डिजिटाइजेशन के कार्य में कुरवाई विधानसभा क्षेत्र की पठारी तहसील के सभी 9 मतदान केन्द्रों का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कराया जा चुका है।

गीता पाठ

एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश के सभी विकासखंडों, जिलों और संभागीय मुख्यालयों पर श्रीमदभगवत गीता के 15वें अध्याय का पाठ किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आयोजन को लेकर कहा–

सांसद खेल महोत्सव

सतना जिले में कल से सांसद खेल महोत्सव प्रारंभ हुए। जिला मुख्यालय में खेल महोत्सव का उदघाटन स्थानीय सांसद गणेश सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह खेल महोत्सव खिलाड़ियों की प्रतिभा की खोज के लिए और युवाओं में सकारात्मक सोच पैदा करने के लिए है। आज नागौद के रावना खेल मैदान और चित्रकूट विधानसभा के बिरसिंहपुर गैबीनाथ स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। बिरसिंहपुर में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी और चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरबार द्वारा सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया ।

चंदेरी इको रिट्रीट–2025

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कल अशोकनगर में आयोजित चंदेरी इको रिट्रीट–2025 के तृतीय संस्करण का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा जिला प्रशासन एवं सनसेट डेजर्ट कैम्प के सहयोग से आयोजित चंदेरी इको रिट्रीट की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री, संचार एवं उत्तर–पूर्वी क्षेत्र विकास ज्योतिरादित्य सिंधिया करेंगे।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर सर्दी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई जिलों में रात का तापमान तेजी से गिरा है। चंबल संभाग सबसे ठंडा क्षेत्र बन गया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में ऐसा मौसम हवा की दिशा बदलने और बादल छाने से बना है। अगले दो दिन तक तापमान में ऐसा ही उतार–चढ़ाव का दौर रहेगा।

- विधानसभा का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। सत्र को लेकर पुलिस कमिश्नर ने पांच किलो मीटर के दायरे में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।
- अशोकनगर जिले की चंदेरी में आज चंदेरी साड़ी के लिए जीआई टैग के उपयोगिता हेतु जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हैण्डलूम पार्क चन्देरी मे किया गया।
- जबलपुर जिले में किसानों को पराली प्रबंधन के वैज्ञानिक और आधुनिक तरीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से एक लघु फिल्म “अन्नदाता से ऊर्जादाता: जबलपुर में नई क्रांति” का विमोचन किया गया।
- "लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना” के अंतर्गत आज नर्मदापुरम के बागरा तवा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इंटीग्रेटेड स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 75 व्यक्तियों की व्यापक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई।
- नीमच में स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के तहत शासकीय आयुर्वेद औषधालय जनकपुर द्वारा आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

————————————